हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 27 मार्च 2026

13 भरत ने राज्य का लोभ छोड़ त्याग व आदर्श भातृ प्रेम का...


14 जनसुनवाई और त्वरित कार्रवाई पर दिया जोर


## खबर संक्षेप

### 544 ग्राम गांजा के साथ एक महिला गिरफ्तार

**हांसी।** सीआईए ने 544 ग्राम नशीले पदार्थ के साथ एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला की पहचान हांसी निवासी सरोज के रूप में हुई है। उप निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व अपराध जांच के दौरान श्री काली देवी मंदिर चौक के पास मौजूद थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि ऑटो मार्केट के समीप एक महिला अपने मकान के सामने झाड़ियों में नशीला पदार्थ छुपाकर रखती है और वहीं बैठकर नशीले पदार्थ को बेच रही है। सूचना के आधार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला पुलिस कर्मियों की सहायता से संदिग्ध महिला को काबू कर तलाशी में उसके कब्जे से 544 ग्राम बरामद किया।

### 6.2 ग्राम हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तार

**हिसार।** जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एएनसी स्टाफ ने हेरोइन के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सोरमा निवासी चक्की चोपटा, भोड़िया रोड, ढाणी सदलपुर के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मामले की जानकारी देते हुए एएनसी स्टाफ प्रभारी इंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि भोड़िया रोड, ढाणी सदलपुर के एक घर में महिला नशा पदार्थ बेचने का काम करती है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए महिला आरोपी को उसके घर के सामने से ही काबू कर लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 6 ग्राम 210 मिलीग्राम चिट्टा बरामद हुआ। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी महिला अपने लड़के मनीष के साथ मिलकर नशीले पदार्थ बेचने का काम करती है। मामले में अन्य संलिप्त व्यक्तियों के बारे में भी गहनता से जांच की जा रही है।

### पुराने शहर में आज तीन घंटे बिजली बाधित रहेगी

**हिसार।** बिजली निगम द्वारा ऑटो मार्केट पावर हाउस में 27 मार्च को आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इसके चलते यहां से चलने वाले सभी फीडरों की सप्लाई सुबह 6:30 से लगभग 9:30 के आसपास तक बाधित रहेगी। इस दौरान क्लॉथ मार्केट, दिल्ली गेट, सिटी थाना, नागोरी गेट, डॉक्टर हॉटलाइन, डीएन चौक, बीकानेर चौक व तलाकी गेट फीडर में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इन फीडरों के तहत पुरानी ऑटो मार्केट, क्लॉथ मार्केट, बुस्टिंग स्टेशन पटवार भवन, राजगुरु मार्केट, सिटी थाना, दिल्ली गेट, मोती बाजार, सिटी थाना रोड, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, टायल गार्डन, तलाकी गेट, ओल्ड ऋषि नगर, धोबी घाट, डीएन चौक, न्यू अग्रवाल कॉलोनी, गुरुद्वारा रोड, भामाशाह नगर, देवी भवन, मंडी रोड बीकानेर चौक, रेड स्क्वेयर मार्केट रामपुरा मोहल्ला आदि आदि हैं। निगम के अनुसार बारिश या किसी अप्रत्याशित कारणवश मेंटेनेंस कार्य स्थगित भी किया जा सकता है।

## सरसों व गेहूं खरीद की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा प्रशासन

# 22 मंडियों और केंद्रों पर 5.28 लाख मीट्रिक टन गेहूं का खरीद का लक्ष्य

- सरसों की 28 मार्च व गेहूं की सरकारी खरीद 1 अप्रैल से होगी शुरू
- सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 6200 तथा गेहूं का भाव 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सरसों और गेहूं की खरीद को लेकर हिसार व हांसी में प्रशासन की तरफ से सभी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सरसों की खरीद इस बार 28 मार्च तथा गेहूं की खरीद 1 अप्रैल से शुरू होगी। सरकार ने इस बार सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 6200 तथा गेहूं का भाव 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस बार सरसों व गेहूं की खरीद के लिए 22 स्थानों की सूची फाइनल कर दी गई है। खरीद के लिए मंडियों के अलावा कुछ खरीद सेंटर भी बनाए गए हैं। मंडियों तथा खरीद सेंटरों पर फूड सप्लाई विभाग, हैफेड, तथा हरियाणा स्टेट वेयर हाउसिंग खरीद करेंगी। इस बार 5 लाख 28 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद का टारगेट तय किया गया। उधर, मंडियों में सरसों की आवक शुरू भी हो चुकी है, लेकिन सरकारी खरीद 28 मार्च से ही होगी। इसके अलावा जिस तरह से मौसम बार-बार करवट ले रहा है, उसे देखते गेहूं की आवक देरी से शुरू होने की संभावना है।



हिसार। नई अनाज मंडी में सरसों की आवक शुरू । फोटो : हरिभूमि

### सरकार ने नए मापदंड तय किए

रबी फसल की खरीद को लेकर नए मापदंड भी तय किए गए हैं। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार अनाज मंडियों में फसल बेचने के लिए किसानों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य रहेगा। मंडी में गेट पास बनवाने के लिए अब वाहन की फ्रंट नंबर प्लेट का फोटो सत्यापन होगा। इसके साथ ही किसान का बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन भी किया जाएगा, ताकि प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनी रहे।

### शेड के नीचे आढ़तियों का माल

नई अनाज मंड़ियों में बने कुछ शेडों के नीचे आढ़तियों ने अपना कई टन माल रखा हुआ है। ऐसे में सरसों की आवक तेज होने पर किसानों को अनाजमंडियों में सरसों रखने की दिक्कत भी आ सकती है। हालांकि कुछ शेड खाली भी हैं। एक शेड निर्माणाधीन है। जिन शेड के नीचे आढ़तियों का माल रखा है, मार्केट कमेटी की ओर खरीद सीजन को देखते उन्हें शेड खाली करने के निर्देश दिए गए हैं।

### यहां-यहां होगी खरीद

मंडियों व खरीद केंद्रों में आदमपुर, अग्रोहा, बालसमंद, बांडाहेड़ी, बरवाला, बास, दौलतपुर, घिराय, हांसी, हसनगढ़, हिसार, खांडा खेड़ी, खेड़ी जालब, कोथ कलां, लोहारी राघो, नारनौंद, पाबड़ा, श्यामसुख, सिसाय, थुराना, उकलाना व नई सब्जी मंडी हांसी शामिल हैं। इस बार बालसमंद मंडी, दौलतपुर, घिराय, हसनगढ़, खेड़ी जालब, पाबड़ा अनाज मंडी, बांडाहेड़ी में हैफेड, सिसाय, थुराना मंडी तथा कोथकलां मंडी में फूड सप्लाई विभाग और लाहोरी राघो, श्यामसुख मंडी में एचडब्ल्यूसी सप्ताह के सातों दिन खरीद करेगी। इन मंडियों व खरीद सेंटर पर अन्य एजेंसियों को खरीद की मनाही है।

### प्रशासन की सभी तैयारियां पूरी



रबी फसल की खरीद को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी खरीद कार्य निर्धारित नियमों के अनुसार ही मंडियों में किए जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसान टोल फ्री नंबर 18001802060 पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए कि ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से गेट पास, बारदाना उपलब्धता और फसल तुलाई की व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। इसके साथ ही मंडियों में किसानों के लिए पीने के पानी, शौचालय सहित सभी मूलभूत सुविधाएं भी दुरुस्त रखी जाएं, ताकि फसल लेकर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। *-महेंद्र पाल, डीसी, हिसार।*

# ईंट-भट्ठे पर मजदूर ने डीजल छिड़क खुद को लगाई आग, हालत नाजुक

- भट्ठे पर मची अफरा-तफरी, कारणों का अभी खुलासा नहीं, पुलिस ने शुरू की जांच



हांसी। झुलसे रमेश को हिसार ले जाते अस्पताल कर्मी व परिजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

तोशाम रोड स्थित एक ईंट-भट्ठे पर गुरुवार दोपहर एक मजदूर द्वारा खुद पर डीजल छिड़ककर आग लगाने की सनसनीखेज घटना सामने आई। आग की लपटों में घिरे मजदूर को साथी श्रमिकों ने कड़ी मशक्कत के बाद बचाया और गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे हिसार रेफर कर दिया गया। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार अक्षिता ईंट-भट्ठे पर काम करने वाला उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के करीब 35 वर्षीय रमेश ने दोपहर करीब 1 बजे अचानक अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उसने पहले खुद पर डीजल छिड़का और फिर माचिस से आग लगा ली, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

साथी मजदूरों ने तुरंत रेत और पानी की मदद से आग बुझाई और एंबुलेंस के जरिए उसे अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फिलहाल आत्मघाती कदम के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस परिजनों व मजदूरों से पूछताछ कर रही है। घटना के बाद भट्ठे पर काम करने वाले श्रमिकों में दहशत का माहौल है।

## स्कॉर्पियो पलटी, ड्राइवर समेत 4 गंभीर

- ज्ञानपुरा से शादी में अमीरपुर जा रहे थे स्कॉर्पियो सवार, घायलों में 3 महिलाएं

**नारनौंद।** नारनौंद से उचाना सड़क मार्ग पर गांव बुडाना के पास एक स्कॉर्पियो गाड़ी का बैलेंस खराब हो गया जिसके कारण वह सड़क के किनारे पलट कर गड्ढों में जा गिरी। सड़क दुर्घटना में ड्राइवर सहित तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को इलाज के लिए नारनौंद के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। गंभीर रूप से घायल एक महिला को हिसार रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। गांव ज्ञानपुरा निवासी जसबीर, मीना, स्वीटी ओर अन्नू गुरुवार को स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर गांव भैणी अमीरपुर में एक शादी समारोह में आ रहे थे। जब उनकी गाड़ी गांव बुडाना के पास पहुंची तो गाड़ी का अचानक से बैलेंस बिगड़ गया। और गाड़ी सड़क से नीचे उतर गई ओर सड़क के किनारे गड्ढों में जा गिरी। जैसे ही गाड़ी गिरने की आवाज पास में काम कर रहे व राहगीरों ने सुनी तो वो तुरंत ही भाग कर बचाव के वहां पहुंचे ओर गाड़ी में चारों को निकाल कर एक वाहन में नारनौंद के सरकारी अस्पताल में ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने इनका इलाज शुरू कर दिया। जिनमें से एक महिला मीना की गंभीर हालत को देखते हुए उसको हिसार रेफर किया गया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई थी। मामले की जांच की जा रही है।

# जाट एजुकेशन सोसायटी की चुनाव प्रक्रिया पर डीआर ने लगाई रोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- डीआर की जांच के बाद जारी होंगी नई गाइडलाइंस

जाट एजुकेशन सोसायटी के चुनाव प्रक्रिया पर डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार ऑफ फर्म एंड सोसायटीज द्वारा स्टे ऑर्डर जारी करने पर रिटर्निंग ऑफिसर प्रदीप सिंह बाजिया एडवोकेट ने कहा कि जिला रजिस्ट्रार ने चुनाव से संबंधित समस्त रिकॉर्ड 15 दिनों के भीतर तलब किया है। इस रिकॉर्ड की गहनता से जांच की जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला रजिस्ट्रार अपने आधिकारिक आदेश के जरिए चुनाव की भविष्य की रूपरेखा और गाइडलाइंस तय करेंगे। रिटर्निंग ऑफिसर ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में समाज के सभी वर्गों और हितधारकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति या पक्ष के साथ कोई अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

चुनाव की पूरी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ संपन्न कराई जाएगी, जिसमें धांधली की कोई गुंजाइश नहीं होगी। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अनिल श्योराण ने कहा कि संस्था का प्रबंधन और चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से कानून के दायरे में रहकर ही संचालित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियम-कायदों से ऊपर कोई नहीं है और प्रशासन के हर निर्देश का अक्षरशः पालन किया जाएगा। जिला रजिस्ट्रार को 15 दिनों में रिकॉर्ड सौंपने के बाद, प्रशासन की जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जाएगा। रिपोर्ट आने के उपरांत ही चुनाव की नई तिथियों और नियमों की घोषणा एक विशेष बैठक के माध्यम से की जाएगी। तब तक सभी चुनावी गतिविधियां स्थगित रहेंगी।

### जाट एजुकेशन सोसायटी के चुनाव निष्पक्ष ढंग से कराए जाएं : डॉ. सूरा



**हिसार।** जाट एजुकेशन सोसायटी के आगामी चुनाव को लेकर चल रही प्रक्रिया के बीच पूर्व पदाधिकारियों ने निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में एक संयुक्त प्रेस वार्ता में जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन डॉ. राजेंद्र सूरा, जगजीत सिंह जंगी, सोसायटी पूर्व महासचिव थांबू राम और सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप कुमार ने बताया कि डीआर द्वारा चुनाव प्रक्रिया को लेकर 15 दिनों के लिए स्थगन करते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा गया है। उन्होंने कहा कि यह सोसायटी समाज के पूर्वजों की दूरदर्शिता और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है, इसलिए इसके चुनाव भी पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ कराए जाने चाहिए। उन्होंने संयुक्त रूप से मांग उठाई कि चुनाव पुरानी कॉलेजियम प्रणाली के आधार पर ही कराए जाएं, ताकि सोसायटी की परंपरा और व्यवस्था बनी रहे। साथ ही संस्था की सदस्यता (मेम्बरशिप) लगातार खुली रखने की बात भी कही, जिससे समाज के अधिक से अधिक लोग सक्रिय रूप से जुड़ सकें। वक्ताओं ने वर्तमान पदाधिकारियों और चुनाव अधिकारियों से अपील की कि वे भाईचारे की भावना बनाए रखते हुए कानूनी प्रक्रिया के तहत निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करें। उनका कहना था कि इससे समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा और संस्था का भविष्य मजबूत होगा।




### राष्ट्रीय साहित्योत्सव अक्षरम् 3-5 अप्रैल तक

# हरियाणा के प्रथम साहित्य उत्सव का होगा शंखनाद, साक्षी बनेगा गुजवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं 'जिल्द' (जेआईएलडी) संस्थान, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 3 अप्रैल को विश्वविद्यालय परिसर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय साहित्य, संवाद एवं संस्कृति महोत्सव 'अक्षरम्' आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव साहित्य, संस्कृति, बौद्धिक विमर्श तथा भारतीय ज्ञान परम्परा के विविध आयामों को एक व्यापक राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

महोत्सव में देश के विभिन्न प्रांतों से प्रतिष्ठित साहित्यकार, लेखक, कवि, बुद्धिजीवी, कलाकार, अभिनेता, शिक्षाविद्, शोधार्थी, विद्यार्थी, उद्यमी तथा विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट व्यक्तित्व सहभागिता करेंगे। इस तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत



साहित्य, भाषा, कला एवं संस्कृति से संबंधित विविध विषयों पर विचार सत्र, संवाद गोष्ठियां, नाट्य प्रस्तुति, काव्य पाठ, पुस्तक विमोचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जानी प्रस्तावित हैं। इन कार्यक्रमों में देशभर से साहित्यकारों, विद्वानों, कलाकारों एवं विशिष्ट अतिथियों की सहभागिता अपेक्षित है। यह आयोजन विश्वविद्यालय के गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान के समन्वय में आयोजित किया जाएगा, जिसमें हिंदी विभाग, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, मनोविज्ञान विभाग, अर्थशास्त्र विभाग, विद्यार्थी कल्याण विभाग (डीएसडब्ल्यू), सांस्कृतिक विभाग, विश्वविद्यालय पुस्तकालय तथा विश्वविद्यालय के समस्त छात्र क्लबों की सक्रिय सामुदायिक सहभागिता एवं सहयोग रहेगा। इन सभी विभागों एवं इकाइयों की सहभागिता से यह महोत्सव बहुआयामी स्वरूप प्राप्त करेगा तथा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक वातावरण को समृद्ध बनाएगा। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई का कहना है कि यह आयोजन न केवल विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सांस्कृतिक वातावरण को नई ऊर्जा प्रदान करेगा, बल्कि हरियाणा में इस प्रकार का साहित्य, संवाद और संस्कृति का व्यापक राष्ट्रीय स्तर का यह प्रथम आयोजन होगा, जो प्रदेश को राष्ट्रीय साहित्यिक मानचित्र पर महत्वपूर्ण पहचान दिलाएगा।

रोचक / शिखर चंद जैन

# मूर्ख बनाने वाले ये पशु-पक्षी



बच्चो, इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी मूर्ख बनाने में पीछे नहीं होते। ये इतनी चालाकी से मूर्ख बनाते हैं कि कुछ आभास ही नहीं होता। पशु-पक्षी कभी अपने फायदे के लिए, कभी शिकार करने के लिए तो कभी अपनी जान बचाने के लिए दूसरे जंतुओं को मूर्ख बनाते हैं। अप्रैल फूल-डे के मौके पर हम तुम्हें मूर्ख बनाने वाले कुछ पशु-पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

## कोयल कौवे को बनाती है मूर्ख

**मादा कोयल** बड़ी चतुर होती है। वह खुद घोंसला नहीं बनाती, चुपके से जाकर कौवे के घोंसले में अंडे दे आती है। चतुर कहलाने वाला कौवा, कोयल के इस कारनामे के आगे मात खा जाता है। कौवा, कोयल के अंडों को अपने अंडे समझकर सेता है, उसकी देखभाल करता है। दरअसल, कोयल के अंडे भी आकार और प्रकार में बिल्कुल कौवे के अंडे जैसे दिखते हैं। इस तरह कोयल, कौए को 'मूर्ख' बनाकर अपने अंडों की देखभाल करवा लेती है। *

## किलडियर ड्रामेबाजी में माहिर



**किलडियर मुख्य** रूप से उत्तरी, मध्य और दक्षिणी अमेरिका के खुले, घास वाले मैदानों, खेतों, गोल्फ कोर्स और जल निकायों के किनारे पाए जाते हैं। ये कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कैरिबियन कंट्रीज में भी बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। यह प्लोवर प्रजाति का एक तटीय पक्षी है, जो जमीनी इलाकों में रहता है। जब कोई शिकारी, जैसे- कुत्ता, लोमड़ी या इंसान इसके जमीनी घोंसले के करीब आता है, तो मादा या नर किलडियर घोंसले से दूर जाकर जमीन पर लेट जाता है। यह अपने पंख को इस तरह फैलाता और फड़फड़ाता है, जैसे कि पंख टूट गया हो। यही नहीं ड्रामेबाज किलडियर लंगड़ाकर चलने लगता है और दर्द भरी आवाजें भी निकालने लगता है। यह सब देखकर शिकारी को लगता है कि यह पक्षी घायल हो गया है, इसे पकड़ना आसान है। जैसे ही शिकारी, इस पक्षी का पीछा करते हुए घोंसले से काफी दूर चला जाता है, किलडियर फुर्र से उड़ जाता है। कभी-कभी तो ये चतुर पक्षी शिकारी को भ्रमित करने के लिए किसी खाली जगह पर ऐसे बैठ जाता है, जैसे वहां उसका घोंसला हो, ताकि असली घोंसला सुरक्षित रहे। *

## ऑक्टोपस मिमिक्री से देता है धोखा



**ऑक्टोपस एक** समुद्री जंतु है। यह अपनी त्वचा का रंग और बनावट बदलने में माहिर होता है। यह मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया में, विशेषकर इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के पास के समुद्रों में पाया जाता है। ऑक्टोपस इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के उथले, रेतीले और कीचड़ भरे पानी में रहने वाला एक अनूठा समुद्री जंतु है, जो 15 से अधिक समुद्री जीवों की मिमिक्री यानी नकल करने की क्षमता रखता है। कलाकार प्रकृति का यह ऑक्टोपस समुद्र के अन्य खतरनाक जंतुओं जैसे लॉयन फिश या समुद्री सांपों की नकल कर लेता है। यह अपनी एक्टिंग इस आधार पर चुनता है कि सामने कौन-सा शिकारी है, ताकि उसे डरा सके। इस तरह शिकारी को धोखा देकर अपनी जान बचा लेता है। *

## एंग्लर फिश टॉर्चनुमा अंग देता है चकमा



**एंग्लर फिश** मुख्य रूप से अटलांटिक और अंटार्कटिक महासागरों के बहुत गहरे और ठंडे पानी में पाई जाती है। यह मछली समुद्र की सतह से लगभग 600 मीटर से लेकर 8,370 मीटर (27,500 फीट से अधिक) की गहराई में रहती है। एंग्लर फिश दुनिया के सबसे अंधेरे और गहरे समुद्री इलाकों में रहने वाली एक रहस्यमयी मछली है। गहरे समुद्र के अंधेरे में रहने वाली इस मछली के सिर पर एक चमकता हुआ टॉर्चनुमा अंग होता है। छोटी मछलियां जब इस रोशनी को भोजन समझकर पास आती हैं, तब एंग्लर फिश तुरंत उन्हें निगल लेती है। *

## फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाकर चुराता है खाना




**फोर्क-टेल्ड** ड्रोंगो पक्षी, मुख्य रूप से अफ्रीका में सहारा मरुस्थल के दक्षिण में पाया जाता है। यह पक्षी खुले घास के मैदानों, झाड़ियों और हल्के घने वनों में रहता है। यह पक्षी अपनी गहरी कटी हुई पूंछ और निडर स्वभाव के लिए जाना जाता है। फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो दूसरे जानवरों, जैसे कि मीयरकैट्स के खतरे वाली आवाजों की नकल करता है। जब मीयरकैट्स अपना खाना जुटा लेते हैं, तो ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाता है। डर के मारे मीयरकैट्स अपना खाना छोड़कर भाग जाते हैं और फिर ड्रोंगो उसे चुराकर अपना पेट भर लेता है। *

छोटी कहानी

एक ठग ने अपने तोते को बस एक शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। इस शब्द के जरिए ठग ने एक युवक को ऐसा मूर्ख बनाया कि बेचारा हजार अशर्फियां गंवा बैठा। पढ़ो, बहुत ही मजेदार कहानी।

# ठग का तोता



एआई इमेज

एक ठग के पास एक तोता था। उसने उसे सिर्फ एक ही शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। वह उस तोते के साथ एक गांव में आया। रात को उसने एक जगह एक छोटे से बक्से में सोने के सिक्के भरकर गाड़ दिए। अगले दिन वह फिर तोते के साथ वहां पहुंचा और उससे बातें करने लगा। उत्सुकतावश लोग वहां इकट्ठा होने लगे।

ठग ने तोते से पूछा, 'क्या तुम मुझे गड़े खजाने का पता बता सकते हो?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने रात वाली जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'अगर मैं वहां खोदूं तो क्या खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने खुदाई की तो लोग देखकर हैरान रह गए कि वहां वाकई खजाना निकला। यह सब देखकर एक लालची युवक ने उस ठग से पूछा, 'क्या वह तोता बेचेगा?'

ठग बोला, 'हां, बेच सकता हूं, लेकिन एक हजार अशर्फियों से कम नहीं लूंगा।'

युवक ने तोते का इतना अधिक दाम सुनकर पूछा, 'इतना ज्यादा?'

ठग बोला, 'तुम तोते से पूछ लो।'

युवक ने तोते से पूछा, 'क्या तुम इस लायक हो कि तुम्हारे लिए एक हजार अशर्फियां दी जाएं?'

तोते ने झट से उत्तर दिया, 'यकीनन।' युवक ने उस तोते को खरीद लिया। एक हजार अशर्फियां लेकर ठग अपने रास्ते चला गया।

युवक ने घर आकर तोते से पूछा, 'मुझे कहां खजाना मिलेगा?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसकी समझ में कुछ नहीं आया तो उसने एक जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'क्या वहां खोदने पर खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

युवक ने खोदा तो वहां कुछ नहीं निकला। वह तोते के पास आया और बोला, 'तुमने झूठ क्यों बोला?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

ऐसे ही हर सवाल का जवाब जब उसे एक ही शब्द 'यकीनन' में मिला तो वह झुंझलाकर बोला, 'मैं क्या बेवकूफ हूं, जो तुम्हें एक हजार अशर्फियों में खरीदा?'

तोता फिर से बोल पड़ा- यकीनन।

ठग की चालाकी और अपने लालच, बेवकूफी की वजह से वह युवक यकीनन मूर्ख बन चुका था। *

**प्रस्तुतिः एफएमएन**

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

# अप्रैल फूल

दिवस प्रथम अप्रैल आ गया
जब हंसता-सा भाई,
भालू जी ने नंदन-वन में
यह योजना बनाई!
गीदड़, लोमड़, शेर सभी को
संदेशा भिजवाया,
जंगल में मंगल करने को
समारोह रखवाया!
नियत जगह पर आ पहुंचे थे
बन-ठन प्राणी सारे,
मगर न कोई तैयारी थी
चकित हुए मन मारे!
देख सभी का सिर चकराया
चतुर लोमड़ी बोली,
आज प्रथम अप्रैल सुनो जी
मेरे सब हमजोली!
लौट के बुद्धू घर को आए
कहा-हो गई भूल,
एक साथ ही सभी जानवर
बने अप्रैल फूल!



एआई इमेज

## बूझो तो जानें

1
मैं पूरब से चलता हूं,
दिनभर आग उगलता हूं।
शाम ढले छिप जाता हूं,
रात में नहीं निकलता हूं।

2
न तन सुंदर न गोरी
छौंक में आऊं काम,
सब्जी-दाल में डाली जाऊं
बूझो मेरा नाम।

3
चार अक्षर का नाम है,
कटे पे आऊं काम।
रंग श्वेत होता मेरा,
अधिक न मेरा दाम।

-वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1.सूरज, 2.हींग, 3.फिटकरी

## जीके क्विज-198

1. वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026 में किस देश को पहला स्थान दिया गया है?
2. साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 (हिंदी भाषा के लिए) किन्हें प्रदान किया जाएगा?
3. विश्व स्वास्थ्य दिवस कब मनाया जाता है?
4. हाल में नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
5. जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर कौन थे?
6. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
7. दिसपुर किस राज्य की राजधानी है?
8. अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?
9. एक वयस्क मनुष्य में सामान्यत: कितने दांत पाए जाते हैं?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-198 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-197 का उत्तर:** 1.चंडीगढ़, 2.यूएसए, मैक्सिको, कनाडा, 3.असम, 4.मयंक चक्रवती, 5.महात्मा गांधी, 6.एम.एस. स्वामीनाथन, 7. 27 मार्च, 8.ऑक्सीजन, 9.अलेक्जेंडर फ्लेमिंग, 10.महाराष्ट्र

**जीके क्विज-197 का सही उत्तर देने वाले:** अनुभव-राजनांदगांव, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कविता-रायपुर, कुसुम-दुर्ग, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, संकेत-बालोद, अंकित-रायगढ़, सूरज-महेंद्रगढ़, प्रिया-दिल्ली, जतिन-कांकेर, सुमन-दुर्ग



कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

रोहित का अपने दादा जी से रिश्ता एकदम दोस्त जैसा था। दोनों एक-दूसरे के साथ खूब हंसी-मजाक करते थे। रोहित ने पहली अप्रैल को अपने दादा जी को अप्रैल फूल बनाने को सोची। लेकिन दादा जी ने ऐसा चकमा दिया कि रोहित खुद ही अप्रैल फूल बन गया।

# अप्रैल फूल बनाया!



इन दिनों रोहित बहुत खुश था। खुश इसलिए क्योंकि उसके दादा जी गांव से उसके पास यहां, रायपुर जो आए हुए थे। पांचवीं कक्षा की उसकी परीक्षाएं खत्म हो चुकी थीं। इन दिनों उसके स्कूल में छुट्टियां थीं। दादा जी और रोहित में उम्र का बहुत बड़ा फासला था लेकिन दोनों के बीच दोस्तों जैसा रिश्ता था। वे दोनों आपस में खूब हंसी-मजाक और चुहल करते रहते।

एक दिन रोहित के दिमाग में आया कि क्यों न दादा जी को पहली अप्रैल को अप्रैल फूल बनाया जाए। ऐसा करने के लिए वह कोई तरकीब सोचने लगा। थोड़ा सोचने पर उसे एक तरकीब सूझ गई।

दादा जी सुबह जल्दी उठ जाते थे, फिर नहा-धोकर तैयार होकर पार्क में सैर करने जाते थे। पार्क में सैर करने के लिए आने वाले अशोक जी से उनकी दोस्ती हो गई थी। वे दोनों हर रोज साथ में ही सैर किया करते थे। रोहित ने योजना बनाई कि पहली अप्रैल की सुबह दादा जी को कह देगा कि अशोक अंकल ने फोन पर बताया है कि आज वे पार्क में नहीं जाएंगे, बल्कि दादा जी से मिलने घर आएंगे। रोहित ने सोचा कि ऐसा कहने पर दादा जी सैर करने नहीं जाएंगे और अशोक अंकल का इंतजार करते हुए घर में ही रहेंगे। इस तरह दादा जी अप्रैल फूल बन जाएंगे।

दादा जी रोहित के कमरे में ही सोते थे। इकतीस मार्च की रात को सोने से पहले रोहित ने दादा जी के मोबाइल फोन पर सुबह पांच बजे का अलार्म लगा दिया ताकि वह पहली अप्रैल की सुबह दादा जी से अशोक अंकल वाली बात कह सके। अगली सुबह अलार्म बजने पर रोहित की नींद खुली तो उसने देखा कि दादा जी अभी सो रहे हैं। वह दादा जी के जागने का इंतजार करने लगा। कुछ देर बाद जैसे ही दादा जी जागे, रोहित ने अशोक जी के आज सुबह घर में आने की बात उन्हें बता दी। सुनकर दादा जी ने पूछा, 'तुम्हें यह कैसे पता है?' रोहित ने बताया, 'दादा जी, कल रात को अशोक अंकल ने लैंडलाइन फोन पर कॉल कर सूचित किया था। आपके मोबाइल फोन पर उनकी बात हो नहीं पा रही थी। यह सब कल रात को आपको बताना मैं भूल गया था।'

'तो ठीक है, मैं आज पार्क नहीं जाता। अशोक जी के आने से पहले नहा-धोकर तैयार हो जाता हूं।' कहकर दादा जी कमरे से निकल कर आंगन में बने बाथरूम में चले गए। रोहित को लगा कि उसकी योजना सफल हो रही है। वह निश्चिंत होकर बिस्तर में लेट गया। कुछ ही देर में उसे नींद आ गई।

थोड़ी देर बाद उसकी नींद खुली तो वह उठकर आंगन में गया। उसने देखा कि दादा जी का तौलिया आंगन में लगी रस्सी पर नहीं है और बाथरूम का दरवाजा बंद है। वह समझ गया कि दादा जी बाथरूम में नहा रहे हैं। रोहित आंगन में एक कुर्सी पर बैठ कर दादा जी के बाथरूम से बाहर आने का इंतजार करने लगा ताकि उन्हें देखते ही 'अप्रैल फूल बनाया!' कह सके, मगर बहुत वक्त बीत जाने पर भी दादा जी बाहर नहीं आए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि आज दादा जी इतनी देर तक क्यों नहा रहे हैं? आखिर उससे रहा न गया और वह मम्मी-पापा के कमरे की तरफ चल पड़ा। कमरे में पापा कुर्सी पर बैठे अखबार पढ़ रहे थे। वह पापा से दादा जी के बारे में बात करना ही चाहता था कि तभी दरवाजे की घंटी बजी। पापा उठकर दरवाजा खोलने गए तो वह उनके साथ हो लिया। पापा ने दरवाजा खोला तो सामने दादा जी खड़े थे। 'पिता जी, आ गए आप सैर करके?' पापा ने दादा जी से पूछा। 'हां, बेटा।' कहते हुए दादा जी घर के अंदर आ गए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि दादा जी बाहर से कैसे आ रहे हैं। उसके हिसाब से तो दादा जी को बाथरूम में होना चाहिए था। उसने हैरानी से दादा जी की ओर देखा, वह हंसते हुए बोले, 'अप्रैल फूल बनाया..!' 'पर दादा जी, आप तो बाथरूम में थे न!' रोहित में हैरानी से पूछा। 'बेटा, बाथरूम में कोई नहीं था। बस यह जताने के लिए कि मैं बाथरूम के अंदर हूं, नहाने के बाद मैंने अपना तौलिया बाथरूम के अंदर ही रहने दिया था, आंगन में रस्सी पर नहीं फैलाया था और बाथरूम का दरवाजा बंद करके सैर करने चला गया था। जाने से पहले तुम्हारे मम्मी-पापा को सारी बात मैंने बता दी थी। तुम मुझे अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में हो, इस बात का अंदाजा मुझे तभी हो गया था, जब कल रात तुमने मेरे फोन में सुबह पांच बजे का अलार्म लगाया था। तुम तो सुबह इतनी जल्दी कभी उठते नहीं हो और सुबह उठने के लिए मुझे अलार्म की जरूरत होती ही नहीं। आज सुबह अलार्म बजने से पहले ही मेरी नींद खुल चुकी थी और मैं सोने का नाटक कर रहा था। एक बात और सुन लो, अशोक जी तो इन दिनों रायपुर में हैं ही नहीं। वे तो किसी काम से भोपाल गए हैं।' दादा जी मुस्कुराते हुए सारी बात बता रहे थे और रोहित सुन रहा था। दादा जी को अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में खुद वही अप्रैल फूल बन गया था। *

तुम्हारे लिए किताब / समीर गांगुली

# आओ, नाटक खेलें

बच्चो, पिछले दिनों एक अच्छी किताब पढ़ी। जिसे पढ़कर लगा कि इसके बारे में तुम लोगों को जरूर बताना चाहिए। यह किताब नाटक की है, लेकिन इसमें कोई नाटक नहीं है, बल्कि इस बारे में है कि तुम लोग कैसे नाटक बना कर उसे खेल सकते हो?

उमा आनंद लिखित 'आओ, नाटक खेलें' नाम की यह किताब पहली बार 1971 में प्रकाशित हुई थी। अब तक इसकी चौंतीस आवृत्तियां आ चुकी हैं, जो बताती है कि यह किताब कितनी लोकप्रिय है। इसमें कहानी-कहानी में रोचक तरीके से और एक पेशेवर नाटक निर्देशक के जरिए नाटक के सभी अंगों जैसे-पात्र, परिवेश, रंगमंच व्यवस्था, वस्त्र-सज्जा, सामग्री व्यवस्था, रिहर्सल, दर्शकों तक पहुंचने और नाटक के चयन की जानकारी दी गई है। बच्चो, तुम जब इस किताब को पढ़ोगे तो पता चल जाएगा कि कोई नाटक कैसे तैयार होता है? फिर इस कहानी के पात्र दीपक, डीडो, पारो और टप्पो की तरह तुम भी अपनी कॉलोनी या स्कूल में कोई नाटक खेल सकते हो। नाटक की अपने तरह की इस अनूठी किताब को पढ़कर तुम्हें भी लगेगा 'वाह! यह किताब कितनी अच्छी है। नाटक के बारे में बहुत सरल और रोचक ढंग से जानकारी देती है।' तो तुम भी यह रोचक किताब मंगवाकर पढ़ो। नाटक से संबंधित बारीकियां सीखो, खुद नाटक खेलो और वाहवाही पाओ। *




**किताब:** आओ, नाटक खेलें, **लेखक:** उमा आनंद, **अनुवादक:** बलराज पंडित, **मूल्य:** 55 रुपए, **प्रकाशक:** नेशनल बुक ट्रस्ट, भारत

## रंग भरो-198

**रंग भरो-198** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





ईशानी, बिलासपुर



प्रत्यूषा, राजनांदगांव



प्रणीका, बिलासपुर



आदित्य, खैरागढ़



शिफा, महासमुंद



समृद्धि, शहडोल

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

काशवी-रायपुर, प्रभु-कोरबा, प्रगति-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, हिमांशु-राजनांदगांव, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सर्वेश-कोरबा, कुसुम-बलौदा बाजार

## रंग भरो 199



बच्चो, यहां अप्रैल फूल-डे से रिलेटेड प्रैंक-ट्वॉय का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### हरिभवन के दस्तावेज मां चण्डके देवी मंदिर सेवा समिति को सौंपे

**हिसार।** मां चण्डके देवी मंदिर में पहुंचकर श्रद्धालुओं की उपस्थिति में हरिद्वार के हरिभवन के दस्तावेज मां चण्डके देवी मंदिर सेवा समिति को सौंपे गए। समिति के प्रधान जगदीश तायल ने बताया कि मूल रूप से पाबड़ा निवासी रामानुज पवन व कुसुम देवी ने हरिद्वार के हरीपुर कलां में भारत माता मंदिर के नजदीक स्थित हरिभवन को वसीयत करके मां चण्डके देवी मंदिर के नाम कर दिया है। हरिभवन से संबंधित सभी दस्तावेज विधि-विधान से समिति को सौंप दिए हैं।

### बसपा हिसार लोकसभा की समीक्षा बैठक 29 को

**हिसार।** बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष रविंद्र चौहान ने बताया कि बसपा लोकसभा हिसार की संगठन समीक्षा बैठक 29 मार्च को आयोजित की जाएगी। बैठक आजाद नगर स्थित गुरु रविदास मंदिर में होगी। चौहान ने बताया कि बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके अलावा लोकसभा जोन इंचार्ज विशाल गुर्जर अति विशिष्ट अतिथि तथा प्रदेश महासचिव एवं लोकसभा जोन प्रभारी महेंद्र सिंह धानिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### वॉइस ऑफ नेशन का अनावरण 31 को मुंबई में

**हिसार।** बजाज फिनसर्व ने अपने डिजिटल-फर्स्ट म्यूजिक टैलेंट प्लेटफॉर्म बजाज धुनिवर्स के समापन की घोषणा की, जिसका फिनाले 31 मार्च को मुंबई में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दिग्गज संगीतकार शंकर-एहसान-लॉय की उपस्थिति में 'वॉइस ऑफ द नेशन' का खिताब दिया जाएगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के प्रेसिडेंट मानव मियानवाल ने बताया कि ग्रैंड फिनाले में दस फाइनलिस्ट और एक वाइल्ड-कार्ड प्रतिभागी द्वारा लाइव प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिन्हें शंकर-एहसान-लॉय द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया है। विजेता को शंकर-एहसान-लॉय के साथ मिलकर बजाज की सॉनिक आइडेंटिटी का सह-निर्माण करने और ज़ी म्यूजिक कंपनी के साथ एक स्वतंत्र एल्बम बनाने का अवसर दिया जाएगा।

### अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर लगाया शिविर

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं अनुग्रह क्षेत्रीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में कैमरी रोड स्थित मोक्ष वृद्धाश्रम में एक्यूपंक्चर और एक्यूप्रेशर थेरेपी, म्यूजिक थेरेपी, योग चिकित्सा व प्राकृतिक चिकित्सा पर आधारित शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बुजुर्गों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें स्वस्थ दिनचर्या की जानकारी प्रदान की गई। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुजुर्गों के सम्मान का संकल्प भी करवाया गया।

### विशेष ज्योतिषीय गणना एवं वैदिक परामर्श शिविर 2 से

**बरवाला।** हिसार के सेक्टर-15 हिसार में स्थित सामुदायिक केंद्र के प्रांगण में चार दिवसीय 2 अप्रैल से 5 अप्रैल तक एक विशेष ज्योतिषीय गणना एवं वैदिक परामर्श शिविर व दिव्य दरबार का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, विशेष रूप से वैदिक ज्योतिष एवं सूक्ष्म ऊर्जा विज्ञान के सिद्धांतों के माध्यम से जीवन के विभिन्न आयामों में संतुलन एवं स्पष्टता प्रदान करना है। शिविर में पंडित विनोद दुबे जबलपुर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। यह जानकारी शिविर के आयोजक गुरु गोरखनाथ गौशाला दुबेटा के प्रतिनिधि सतीश कुमार, अजीत सिंह वर्मा एवं कर्मवीर सिंह ने दी।

### सट्टा खाईवाली करते एक काबू ₹60,500 बरामद

**हांसी।** सीआईए पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाल करने वाले एक आरोपी को 60 हजार 500 रुपये के साथ काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मामनपुरा निवासी सुरेंद्र के रूप में हुई है। मुख्य सिपाही ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना पर टीम गठित कर एक बोगस ग्राहक को हिदायत देकर मौके पर भेजा और उसके इशारे पर दबिश देकर आरोपी को काबू कर लिया।

---

### बाउंसरों पर दुर्व्यवहार और मारपीट करने के आरोप, घटना का वीडियो भी वायरल

# बनभौरी माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने से चरमराई व्यवस्था

- श्रद्धालु वैकल्पिक रास्तों से आगे बढ़ने लगे तो उन्हें रोकते वक्त हुई कहासुनी और धक्का-मुक्की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला



हिसार। बनभौरी माता मंदिर में अव्यवस्था का माहौल। फोटो : हरिभूमि

गांव बनभौरी में स्थित प्रसिद्ध माता मंदिर में नवरात्रों के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते अव्यवस्था का आलम देखने को मिला। देर रात्रि दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं की संख्या अचानक बढ़ने से व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गईं। इस दौरान व्यवस्था संभाल रहे कुछ बाउंसरों पर श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट करने के आरोप लगे हैं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद श्रद्धालुओं में रोष बढ़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार नवरात्रों के अवसर पर बनभौरी माता मंदिर में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु देश-प्रदेश से पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं। इसी कड़ी में छठ पूजा के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंच गए। भीड़ अधिक होने के कारण दर्शन के लिए लंबी कतारें लग गईं और धीरे-धीरे हालात नियंत्रण से बाहर होने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, व्यवस्था संभालने में लगे लोग भीड़ को नियंत्रित करने में असफल रहे, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान कुछ श्रद्धालुओं ने वैकल्पिक रास्तों से आगे बढ़ने का प्रयास किया, जिसे रोकने के दौरान कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोप है कि व्यवस्था में लगे बाउंसरों ने श्रद्धालुओं के साथ धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट तक की।

वायरल वीडियो में भी कुछ ऐसे दृश्य सामने आए हैं, जिनमें श्रद्धालुओं के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार होता दिखाई दे रहा है। घटना के बाद श्रद्धालुओं में नाराजगी फैल गई है और उन्होंने इस तरह के व्यवहार की कड़ी निंदा की है। श्रद्धालुओं का कहना है कि वे दूर-दराज से श्रद्धा भाव लेकर माता के दर्शन के लिए आते हैं, ऐसे में उनके साथ इस प्रकार का व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उनका आरोप है कि प्रशासन और मंदिर प्रबंधन को पहले से ही भीड़ का अनुमान होता है, बावजूद इसके पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जाते, जिससे हर वर्ष इस तरह की समस्याएं सामने आती हैं।

गांव बनभौरी के गणमान्य लोगों और बाहर से आए श्रद्धालुओं ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर में भीड़ प्रबंधन के लिए पुख्ता व्यवस्था की जाए और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं तथा दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

---

# विषमता से समता राम राज्य का प्रमुख लक्षण : कविता कान्त

### गीता भवन में राम कथा का आठवां दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। गीता भवन में प्रवचन देते कथा व्यास कविता कान्त वाजपेयी रामायणी।

रामपुरा मोहल्ला स्थित गीता भवन में चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष में चल रही राम कथा के आठवें दिन राय बरेली से आये आचार्य कविता कान्त वाजपेयी रामायणी ने राम राज्य का वर्णन करते हुए बताया कि राम राज्य तपस्या, त्याग और साधना की पृष्ठ भूमि पर आधारित होता है। राम ने बाली का वध करके सुग्रीव को राज्य दिया और रावण का वध कर विभीषण को राजा बना दिया। उत्तर-दक्षिण के भेद को समाप्त कर रामेश्वरम की स्थापना की। पशुओं में मानवत्व का संदेश देकर मानवीय मूल्यों का संचार किया। अनाचार दुराचार के पर्याय रावण का अंत हुआ। यह राम की दुराचार पर सदाचार की विजय थी। 14 वर्ष बाद श्रीराम का अयोध्या में अभिषेक हुआ। राम राज्य आया। समाज से ईर्ष्या, द्वेष और विषमता का भाव तिरोहित हुआ। राम राज्य में श्रीराम का शासन नहीं अपितु अनुशासन था। इसलिये श्रीराम आज भी हमारे हृदय रुपी सिंहासन पर विराजमान हैं। कथा से पूर्व भजन गायक सुमित मित्तल, जितेश राखा व शुभम अरोड़ा ने भजनों की प्रस्तुति दी।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर संस्था की प्रधान उषा बख्शी, सचिव कृष्ण शर्मा, उपप्रधान कृष्ण महता, कोषाध्यक्ष धर्मबीर ग्रोवर, दयानंद बंसल, नंदलाल धमीजा, सुभाष गुप्ता, अर्जुन मानक, देशबंधु, भूषण चौधरी, सुशील राजपाल, रामशरण भुटानी, दीपक पाल, आदेश भुटानी, सुरेश नागपाल, प्रेमलता बख्शी, सुशीला देवी, वीना चौधरी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---



हिसार। गुजवि में कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं प्रतिभागी।

### विद्यार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए किया प्रेरित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) में मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्म-विकास विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एप्लाइड साइकोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजय परमार रहे। एचएसबी के निदेशक प्रो. संजीव कुमार ने अपने संबोधन में इस बात पर विशेष जोर दिया कि प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तित्व संरचना अलग होती है, इसलिए विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व को समझते हुए उसी के अनुरूप अपने लक्ष्य और विकास की दिशा तय करनी चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ. संजय परमार ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, आत्म-विकास के व्यावहारिक उपायों तथा वर्तमान समय में बढ़ते तनाव के कारणों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों में डॉ. अजय परमार एवं डॉ. सचिन की उपस्थिति रही।

---

# भरत ने राज्य का लोभ छोड़कर त्याग व आदर्श भातृ प्रेम का उदाहरण प्रस्तुत किया : भावेश कृष्ण भारद्वाज

### कटला रामलीला की श्रीराम कथा में भरत चरित्र का वर्णन सुनकर श्रद्धालु हुए भावविह्वल

- श्रीराम कथा के सातवें दिन विधि-विधान से पूजा ऋषिराज बुड़ाकिया ने संपन्न करवाई
- इंद्रसेन बंसल व दीपक गर्ग ने प्रसादम की व्यवस्था में योगदान दिया।
- रामनवमी पर आज शोभा यात्रा में निकलेंगी विभिन्न झांकियां



हिसार। श्रीराम कथा करते कथा व्यास भावेश कृष्ण भारद्वाज व श्रवण करते श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

श्री रामलीला कमेटी कटला के 129वें श्री रामनवमी महोत्सव का उत्साह चरम पर है। इसलिए कटला रामलीला के तत्वावधान में देवी भवन के गोयनका सदन में चल रही श्रीराम कथा के सातवें दिन विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूरी निष्ठा से श्रीराम कथा का श्रवण किया। श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास भावेश कृष्ण भारद्वाज ने श्रीराम कथा के दौरान जब भरत चरित्र से साक्षात्कार करवाया तो उपस्थित श्रद्धालु भावविह्वल हो उठे। भावेश कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि भरत ने राज्य का लोभ छोडक़र बड़े भाई श्रीराम के प्रति आस्था जताते हुए त्याग, निस्वार्थ प्रेम व आदर्श भातृ प्रेम का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भाइयों को आपस में इसी तरह प्रेमपूर्वक व्यवहार करते हुए परिवार में एकजुटता व सामंजस्य बनाए रखना चाहिए।

श्रीराम कथा के सातवें दिन विधि-विधान से पूजा ऋषिराज बुड़ाकिया ने संपन्न करवाई और इंद्रसेन बंसल व दीपक गर्ग ने प्रसादम की व्यवस्था में योगदान दिया। सातवें दिन की श्रीराम कथा के दौरान धर्मपाल मित्तल, सतनारायण टेलटिया, शिव कुमार गोयल, अंजनी कुमार ऑटो मार्केट, दयानंद सिंगल व पुरुषोत्तम तायल अतिथि के रूप में मौजूद रहे। श्रीराम कथा के दौरान श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान विनोद गुप्ता, सचिव ललित गोयल, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार लोहिया, उप प्रधान अनूप बिंदल व सह सचिव राजकुमार जैन उपस्थित रहे।

कमेटी कटला के प्रधान विनोद गुप्ता ने बताया कि 27 मार्च को देवी भवन के गोयनका सदन में हवन के उपरांत भव्य रामनवमी शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

---



हिसार। श्री प्रयागगिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग व अन्य भक्त आरती करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### मां महागौरी पवित्रता, शांति और तपस्या का प्रतीक : बजरंग गर्ग

**हिसार।** श्री प्रयाग गिरी शिवालय ट्रस्ट में चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन दुर्गा अष्टमी पर पूजा-अर्चना, कीर्तन व प्रसाद का कार्यक्रम संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुआ। शिवालय ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग ने पूजा करने के उपरांत संबोधित करते हुए कहा कि मां महागौरी की पूजा का दुर्गा अष्टमी के दिन विशेष महत्व होता है। मां महागौरी पवित्रता, शांति और तपस्या का प्रतीक हैं। वे भगवान शिव जी को पाने के लिए कठोर तप के बाद गौर वर्ण की हुईं। मां महागौरी की पूजा से जीवन में सुख-समृद्धि आती है और भक्तों को पापों से मुक्ति मिलती है। गर्ग ने कहा कि महा नवमी पर 27 मार्च को शिवालय मंदिर में हवन- पूजन व हलवा छोले व फल का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर ओम प्रकाश असीजा, जगत नारायण, सुरेंद्र सिंगला, रमेश पटवारी, वीरसिंह खयालिया मांगेराम शर्मा, दीपक कुमार, सुनील शर्मा, जसराम वर्मा, शिवकुमार, डॉ संगीता, राजरानी, पूजा शर्मा, कविता रानी, रेनू सिंह, सोमवती, शालू बंसल, सुषमा शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, सुनीता रानी, वंदना मौर्य, सोनिया शर्मा, नीतू गर्ग, सुदेश रानी आदि भक्त भारी संख्या में मौजूद थे।

---

# आशीष ने गेट में लहराया परचम



हिसार। गेट में एआईआर रैंक-1 हासिल करने पर बधाई देते आशीष को कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थी आशीष ने ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट-2026) में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए प्रोडक्शन एवं इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग (पीआई) में अखिल भारतीय रैंक (एआईआर)-1 तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग (एमई) में एआईआर-10 हासिल किया है। विभागाध्यक्ष प्रो. महेश कुमार विद्यार्थी आशीष के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई से मिले। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार, डीन एकेडमिक अफेयर्स योगेश चाबा व डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी प्रो. एच.सी. गर्ग उपस्थित रहे।

#### हाइब्रिड इलेक्ट्रिकल साइकिल ने दिलाई विशिष्ट पहचान

विद्यार्थी आशीष जिला हिसार की तहसील मंडी आदमपुर के गांव ढाणी मोहब्बतपुर के निवासी हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि का श्रेय उन्होंने विभागाध्यक्ष, विभाग के शिक्षकों व अपने माता-पिता को दिया है। आशीष का शैक्षणिक सफर प्रारंभ से ही अत्यंत उत्कृष्ट रहा है। अपने स्नातक एवं स्नातकोत्तर अध्ययन के दौरान आशीष ने अनेक नवाचार पूर्ण प्रोजेक्ट्स पर कार्य किया। हाइब्रिड इलेक्ट्रिक ट्राइक और थ्री-व्हील इलेक्ट्रिक एसयूवी जैसे उनके प्रोजेक्ट्स राज्यभर में चर्चित रहे। वहीं हाइब्रिड इलेक्ट्रिकल साइकिल ने उन्हें "यंग इनोवेटर" के रूप में विशिष्ट पहचान दिलाई।

---

### पुलिस ने अवैध शराब सहित दो युवक पकड़े, 72 बोतल बरामद

- आरोपियों के कब्जे से बिना परमिट की 5 पेटी ठेका शराब और 1 पेटी बीयर बरामद हुई

**नारनौंद।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो युवकों को काबू किया है। आरोपितों के बिना परमिट के कब्जे से 5 पेटी ठेका शराब व 1 पेटी बीयर बरामद की है। एएसआई सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान नारनौंद से बुडाना रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि सुखबीर व राहुल निवासी राखी खास एक सफेद रंग की गाड़ी में अवैध शराब लेकर नारनौंद से बुडाना की ओर आ रहे हैं। पुलिस टीम ने नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस नाका देखकर कुछ दूरी पर गाड़ी चालक ने गाड़ी रोककर वापस मोड़ने का प्रयास किया। संदेह होने पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए वाहन का पीछा करके काबू कर लिया। वाहन में सवार व्यक्तियों से पूछताछ करने पर चालक की पहचान राहुल व सुखबीर निवासी राखी खास के रूप में हुई। तालाशी में आरोपितों के कब्जे से 5 पेटी ठेका शराब व 1 पेटी बीयर, जिसमें कुल 72 बोतल शामिल हैं।

---



हिसार। बैठक करते श्रीशनिदेव सेवा समिति के सदस्य।

### शनिदेव मंदिर के वार्षिक महोत्सव कल

**हिसार।** पुरानी सब्जी मंडी चौक के निकट स्थित ढाणी बड़वाली के शनिदेव मंदिर का 17वां वार्षिक महोत्सव व भंडारा 28 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रीशनिदेव सेवा समिति के प्रधान महाबीर सैनी ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत प्रातः 8 बजे हवन करके की जाएगी। इसके बाद तेलाभिषेक तथा कंजक पूजन किया जाएगा। बाद में भंडारा चलाया जाएगा। साथ ही विशेष रूप से शनि महाराज का खजाना भी वितरित किया जाएगा। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी देवेंद्र सैनी, रजनेश देवसरिया, नरेंद्र सैनी एवं भरत सिंह उपस्थित होंगे। मंदिर समिति के महासचिव रामबीर सैनी ने बताया कि इस संबंध में समिति के सदस्यों की बैठक हुई जिसमें संरक्षक सतवीर वर्मा, प्रधान महाबीर सैनी, महासचिव रामबीर सैनी, खजांची राजकुमार वर्मा, प्रेस सचिव कृष्ण सैनी खंडेलवाल, सुभाष सैनी, पवन गर्ग, कृष्ण सैनी भिवानी वाला, कैलाश गर्ग, राजकुमार गहलोत, रमेश सैनी, ओमप्रकाश सैनी, सुमित वर्मा एवं विजेंद्र बेरीवाल आदि शामिल रहे।

---

# मेंटेनेंस और बकाया बिजली बिलों की वसूली पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह के निर्देशानुसार बिजली निगम में रखरखाव (मेंटेनेंस) कार्यों तथा बकायेदार (डिफॉल्टर) उपभोक्ताओं से राजस्व वसूली को तेज करने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि ऑपरेशन विंग के सभी अधीक्षण अभियंता (एसई), मुख्य अभियंता (सीई) एवं निदेशक 7 अप्रैल तक प्रतिदिन फील्ड का दौरा सुनिश्चित करेंगे। इन दौरों के दौरान अधिकारी मेंटेनेंस कार्यों की जमीनी स्तर पर समीक्षा करेंगे तथा डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के विरुद्ध चल रही वसूली कार्रवाई की प्रगति का भी आकलन करेंगे। निगम प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही निर्देशित किया गया है कि प्रतिदिन की संबंधित प्रगति रिपोर्ट कार्यकारी अभियंता, मॉनिटरिंग को प्रस्तुत की जाए। इन रिपोर्ट्स को संकलित कर माननीय ऊर्जा मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। निगम प्रवक्ता के अनुसार, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य फील्ड स्तर पर कार्यों में तेजी लाना, राजस्व वसूली को सुदृढ़ करना तथा उपभोक्ता सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करना है।

---

### आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में नवरात्र महोत्सव व श्रीराम कथा का समापन आज

# सत्य पर अडिग रहते हुए भगवान के प्रति विश्वास उत्पन्न हो जाए तो हर काम संवरेगा : संतोषी माता

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में श्रीराम कथा करती महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता व कथा श्रवण करते श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में चल रहे नौ दिवसीय नवरात्र महोत्सव व श्रीराम कथा के दौरान कथा व्यास श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता ने सच को अपनाने एवं सत्य के प्रति अडिग रहने का आह्वान किया।

श्रीराम कथा के सातवें दिन उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए कहा कि झूठ बोलने के लिए बहुत मेहनत और उपाय करने पड़ते हैं जबकि सत्य बोलने वाले को कुछ भी सोचना नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि बहुत से लोगों का मत होता है कि झूठ बोले बिना काम नहीं बनेगा। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि उनका असत्य के प्रति दृढ़ विश्वास है।

यदि यही विश्वास सत्य के प्रति हो जाए और सत्य पर अडिग रहते हुए भगवान के प्रति विश्वास उत्पन्न हो जाए तो हर काम निश्चित रूप से संवर जाएगा। मॉडल टाउन के मां संतोषी आश्रम में चल रही श्रीराम कथा के सातवें दिन कथा व्यास अनंत श्री विभूषित परम श्रद्धेय स्वामी संतोषी माता को मां संतोषी आश्रम की प्रबंधन कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य मुकेश गर्ग ठसका वाले ने तिलक करके अभिनंदन किया और कृष्ण वर्मा, लक्ष्मण नारंग, शोभा जोशी, लालचंद व मधु बंसल ने स्वामी संतोषी माता को माला अर्पित करके स्वागत किया।

मां संतोषी आश्रम की प्रबंधन कमेटी के संयोजक राजमल काजल ने बताया कि मां संतोषी आश्रम में 27 मार्च को नवरात्र महोत्सव के अंतिम दिन काफी संख्या में श्रद्धालु उमड़ेंगे। स्वामी संतोषी माता के सान्निध्य में वैदिक विद्वानों द्वारा प्रातः पूजा व दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाएगा। इसके साथ ही पूरी निष्ठा से कन्या पूजन किया जाएगा और आध्यात्मिक प्रवचन रहेंगे।


---

# शरणागति हमेशा उसकी करनी चाहिए जो सार्थक और सशक्त हो: बेला पारीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गो शक्ति जागरण अनुष्ठान के तहत तोशाम रोड स्थित सरस्वती कॉलेज प्रांगण में चल रही श्रीमद गो भागवत कथा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर शिव-पार्वती विवाह की झांकी देखकर श्रद्धालु झूमने लगे और उन्होंने अपने इष्ट पर पुष्प वर्षा करके आस्था जताई।

दरअसल कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक दीदी के श्रीमुख से शिव विवाह की लीला सुनकर भक्त भावविभोर हो गए। जब त्रिशुलधारी भगवान शिव व पीले परिधान में माता पार्वती के प्रतिरूप ने कथा स्थल पर प्रवेश किया तो पूरा माहौल आध्यात्मिक हो गया। कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक दीदी ने तीसरे दिन गोकथा करते हुए श्रद्धालुओं को समझाया कि हमेशा शरणागति उसकी करनी चाहिए जो सार्थक और सशक्त हो।



उन्होंने कहा कि लंका पर चढ़ाई करने के लिए प्रभु श्रीराम ने समुद्र से मार्ग देने का बार-बार आग्रह किया लेकिन समुद्र अपने मद में चूर रहा। यह देखकर श्रीराम आग्नेय अस्त्र चलाने लगे तो समुद्र त्राहि माम करते उनकी शरणागति में चला गया। विदुषी बेला पारीक ने कहा कि सबसे सशक्त और सबसे समर्थ परमात्मा ही है। इसलिए हमेशा परम पिता परमात्मा की शरणागति करनी चाहिए वे अवश्य सदगति प्रदान करेंगे। श्रीमद गो भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक दीदी ने भाजपा जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, हरियाणा स्टाफ सलेक्शन कमीशन के सदस्य साधुराम जाखड़, ब्लूमिंग डेल्स स्कूल के चेयरमैन एच. के. शर्मा, सेवा भारती लाडवा छात्रावास से बजरंग, सेवा भारती के सचिव लालचंद शर्मा, एडवोकेट सुरेश, निर्मला भल्ला, मातृभूमि सेवा संघ लोहारू से चेयरमैन सुभाष सैनी, सैनी सभा प्रधान नरेश सैनी, उप प्रधान ओम प्रकाश सैनी, विजय दहिया, कृष्ण सैनी, जसवंत सैनी, शंकर सैनी, धर्मवीर, मनीष सैनी व योगेश शर्मा को पटका पहनाकर सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### संयुक्त किसान मोर्चा की आपात बैठक आज

**हिसार।** संयुक्त किसान मोर्चा की आपात बैठक 27 मार्च को किसान रेस्ट हाउस में होगी। बैठक में किसान नेता संदीप धीरणवास, अनिल गोरछी सहित दर्जनों किसानों पर हत्या जैसे झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगाकर चार साल बाद गिरफ्तारी के नोटिस भेजने को लेकर चर्चा की जाएगी और आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। मोर्चा ने सरकार और प्रशासन को खुली चेतावनी दी कि किसानों को डराने-धमकाने और झूठे मुकदमों में फंसाने की साजिशें तुरंत बंद की जाएं। अगर एक भी किसान नेता को गिरफ्तार किया गया या मुकदमे वापस नहीं लिए गए, तो किसान सड़कों पर उतरकर आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। यह आंदोलन पहले से भी बड़ा और निर्णायक होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

### कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा कल से

**हिसार।** भारत माता मंदिर में समाजसेवी स्व. चौ. फतेहचंद व स्व. माता हरबंस कौर एवं स्व. विजय शर्मा की स्मृति में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा को लेकर एम सी. कॉलोनी स्थित भारत माता मंदिर में 28 मार्च को सायं भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों महिलाएं, बच्चे व अन्य श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। 29 मार्च से 4 अप्रैल तक प्रतिदिन सायं 4 बजे से सायं 7 बजे तक वृंदावन के प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित कृष्ण शरण शास्त्री श्री शिव महापुराण कथा करेंगे। 5 अप्रैल को प्रातः हवन के उपरांत प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा, श्री शिव महापुराण कथा व भंडारे की तैयारियों के लिए भारत माता मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया।

### मिल गेट में भागवत कथा कल से

**हिसार।** श्रीकृष्ण प्रणामी महिला सत्संग मंडल मिल गेट के



तत्वावधान में अटल चौक, कैप्टन आरसी स्कूल रोड पर 28 मार्च से 3 अप्रैल तक संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। मंडल के प्रवक्ता ने बताया कि कथा के पहले दिन दोपहर बाद 3 बजे हनुमान मंदिर, जिंदल पार्क मिल गेट से बैंड बाजों के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी जोकि आसपास के क्षेत्रों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंचेगी। भागवत वाचस्पति श्रीश्री 108 स्वामी राजदास महाराज रोजाना दोपहर बाद 3 बजे से 6 तक कथा में प्रवचन देंगे।

### श्रीकृष्ण बलराम शोभा यात्रा महोत्सव कल

**हिसार।** श्रीकृष्ण बलराम शोभा यात्रा महोत्सव इस बार भी देश विदेश से आए हुए भक्तों के साथ 28 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रील प्रभुपाद के ही एक शिष्य श्रील सुभग स्वामी महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से हिसार में सातवी बार श्रीकृष्ण बलराम भगवान की शोभा यात्रा अत्यंत भक्तिभावपूर्वक से मनाई जाएगी। ये शोभा यात्रा बिश्नोई मन्दिर, राजगुरु मार्केट से दोपहर बाद 3.30 बजे प्रारम्भ होगी और शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए वापिस बिश्नोई मन्दिर में भंडारे के साथ विश्राम लेगी।

---

*हकृवि में भारतीय शिक्षण मंडल का राज्य स्तरीय 57 वां स्थापना दिवस समारोह*

# 'रामत्व आधारित शिक्षा' से ही विकसित होगा देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। पुस्तिका का विमोचन करते अतिथिगण। *फोटो: हरिभूमि*

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भारतीय शिक्षण मंडल (हरियाणा प्रांत) के संयुक्त तत्वावधान में 57वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय विकसित भारत - रामत्व आधारित शिक्षा रहा, जिसमें शिक्षा, संस्कृति एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न आयामों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रान्त संघचालक प्रताप सिंह, मुख्य वक्ता भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय अध्यक्ष डॉ. सच्चिदानंद जोशी रहें जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने की। मंच पर भारतीय शिक्षण मंडल के प्रान्त अध्यक्ष डॉ जितेन्द्र भरद्वाज भी मौजूद रहें।

मुख्य अतिथि प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने रामत्व को सत्य, मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव का प्रतीक बताते हुए कहा कि यदि शिक्षा इन मूल्यों पर आधारित हो तो भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता।

इस अवसर पर उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री गणपति तेती, विभाग संघ चालक पवन जिंदल, जिला सह कार्यवाह चंद्रशेखर, लुवास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनोद कुमार, गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई, एमएचयू के कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा, सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार सहित अनेक शिक्षाविद, अधिकारी एवं शोद्यार्थी मौजूद रहे।

### विकसित भारत के सपने को साकार करना हम सबकी जिम्मेदारी: प्रो. काम्बोज

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों के माध्यम से किसानों और विद्यार्थियों के हित में निरंतर कार्य कर रहा है और देश-प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने समाज में बढ़ती असमानताओं और संवेदनहीनता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें पुनः सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करना होगा। उन्होंने कहा कि जीवन जीने और जीवन काटने के अंतर को समझाते हुए हमें अपने जीवन को उद्देश्यपूर्ण बनाना चाहिए तथा विद्यार्थियों को केवल कुशल पेशेवर ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनाने पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होनें यह भी कहा की 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करना हम सब की जिम्मेदारी है। भारतीय शिक्षण मंडल की प्रान्त उपाध्यक्ष प्रो. लवलीन मोहन ने कार्यक्रम में धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर शिक्षण ज्ञान पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई तथा पुस्तक का विमोचन भी किया गया। मंच संचालन जीजेयू के प्राध्यापक प्रो. कर्मपाल ने किया।

### रामत्व आधारित शिक्षा से विश्व का नेतृत्व कर सकता है भारत: डॉ. जोशी

मुख्य वक्ता डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली की जड़ें हमारी समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और आध्यात्मिक दृष्टि में गहराई से निहित हैं। उन्होंने रामत्व आधारित शिक्षा को केवल एक अवधारणा नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति बताया, जो व्यक्ति के भीतर नैतिकता, अनुशासन, कर्तव्यबोध, समरसता और संवेदनशीलता का विकास करती है। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा व्यवस्था को केवल डिग्री और रोजगार तक सीमित करने के बजाय, उसे जीवन के व्यापक उद्देश्यों से जोडना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन दर्शन हमें सिखाता है कि समाज के प्रत्येक वर्ग का सम्मान करते हुए समावेशी विकास ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र निर्माण का आधार बन सकता है।

---



बरवाला। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते खेदड़ थर्मल प्लांट कर्मचारी।

## मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन : पंघाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

- मांगों को लेकर खेदड़ थर्मल प्लांट कर्मचारियों ने तीसरे दिन भी किया प्रदर्शन

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की केंद्रीय परिषद के निर्देशानुसार थर्मल खेदड़ यूनिट द्वारा एमडी एचपीजीसीएल पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए गुरुवार को लगातार तीसरे दिन एचपीजीसीएल प्रशासन के खिलाफ दो घंटे विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्कल सचिव दलजीत पंघाल ने की तथा संचालन सचिव सुरेश सैनी ने किया।प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सर्कल सचिव दलजीत पंघाल ने बताया कि एमडी एचपीजीसीएल जानबूझकर कर्मचारियों की जायज मांगों जैसे ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द करने, वेतन व भत्तों को बढ़ाने, मेडिकल बिल पास करने के लिए थर्मल खेदड़ में स्थाई फार्मासिस्ट लगाने, कर्मचारियों को मोबाइल फोन उपलब्ध करवाने, पुरानी पेंशन बहाल करने, एसीपी, पदोन्नति सहित अन्य मांगों की अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं की जाती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में वरिष्ठ उपप्रधान शिव कुमार, उपप्रधान सत्यवान खटकड़, कृष्ण नैन, सहसचिव दीपक सहरावत, रवि प्रकाश, संदीप कालीरामण, उज्जवल शर्मा, राजेंद्र बेरवाल, अरूण, संदीप, अनिल, बीर सिंह, प्रियव्रत शर्मा, मनु धत्तरवाल, सुदेश यादव आदि शामिल थे।

# सरसों खरीद को लेकर किया प्रदर्शन

- किसान ने किया दावा : बरवाला में लैब 37% तेल व 10% नमी, उकलाना में 34% तेल व 15% नमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना





उकलाना। प्रदर्शन करते किसान व विवाद निपटने पर सरसों की खरीद शुरू।

सरसों की खरीद को लेकर गुरुवार को किसानों ने आज मंडी में प्रदर्शन किया। किसानों ने आरोप लगाया कि प्राइवेट खरीद एजेंसियां उनकी सरसों नहीं खरीद रही हैं, जिससे वे परेशान हैं। हालांकि सरकारी खरीद 28 मार्च से शुरू होनी है, लेकिन प्राइवेट एजेंसियों द्वारा खरीद नहीं किए जाने से किसानों में रोष देखने को मिला। मौके पर पुलिस प्रशासन भी पहुंचा। मामला मार्केट कमेटी के अध्यक्ष इंद्र सिंह ओला के समक्ष आया, जिन्होंने मौके पर सचिव सुनीता रानी तथा मंडी सुपरवाइजर ज्योति को बुलाकर उनके बीच वार्ता करवाई। इस दौरान आढ़ती एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि मंडी सुपरवाइजर उन्हें परेशान कर रही हैं, जिसके कारण खरीद प्रक्रिया में बाधा आ रही है।

वहीं मंडी सुपरवाइजर ज्योति ने बैठक में कहा कि उन्होंने एक फर्म का निरीक्षण किया, जहां 2000 क्विंटल सरसों खरीद से अधिक पाई गई है। इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है और विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि 60 रुपये प्रति क्विंटल सरकार को शुल्क देना होता है और गेट पास होने के बाद ही खरीद प्रक्रिया पूरी की जाती है। सरकार को राजस्व की हानि न हो, इसलिए वह निष्पक्षता से अपना कार्य कर रही हैं। बैठक के बाद सरसों की खरीद शुरू कर दी गई और अधिकारियों ने विवाद को सुलझाने की बात कही।

बैठक में हसनगढ़ के किसान हवा सिंह ने आरोप लगाया कि उनकी सरसों की जांच बरवाला की मशीन से करवाई गई तो उसमें 37 प्रतिशत तेल और 10 प्रतिशत नमी पाई गई, लेकिन उकलाना में जांच कराने पर 34 प्रतिशत तेल और 15 प्रतिशत नमी बताई गई। मार्केट कमेटी के अध्यक्ष इंद्र सिंह ओला ने कहा कि सरसों की खरीद का कार्य शुरू कर दिया गया है और किसानों को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान थाना प्रभारी कुलदीप सिहाग, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष इंद्र सिंह ओला, सचिव सुनीता रानी, मंडी सुपरवाइजर ज्योति, कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मपाल धायल आदि थे।

#### कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी

मंडी सुपरवाइजर ज्योति ने बताया कि उन्होंने अभिनंदन जैन और शुभम जैन की फर्म का निरीक्षण किया, जहां 2000 क्विंटल सरसों खरीद से अधिक पाई गई है। इसकी रिपोर्ट कार्रवाई के लिए मार्केट कमेटी सचिव को भेज दी गई है।

#### विवाद सुलझा

मार्केट कमेटी सचिव सुनीता रानी ने कहा कि यह विवाद आढ़ती, सरसों खरीद व्यापारी और मंडी सुपरवाइजर के बीच था, जिसे सुलझा दिया गया है और सरसों की खरीद शुरू कर दी गई है। नमी मशीन में किसी प्रकार की कमी नहीं है।

## खबर संक्षेप



### साहित्य समाज का दर्पण : डॉ. शमीम

हिसार। भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में 'हिसार हिन्दी बुक क्लब' के तत्वावधान में साहित्यिक गोष्ठी हुई। इस गोष्ठी का मुख्य विषय नारी-आधारित कथाएं रहा, जिसमें स्त्री की शक्ति, संवेदना और संघर्ष के विविध आयामों पर गहन एवं सार्थक चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है और नारी-विमर्श वर्तमान समय की अत्यंत महत्वपूर्ण जरूरत है। डॉ. राज गर्ग ने महाराजा हरिश्चंद्र की पत्नी तारामती की कथा प्रस्तुत करते हुए सत्य, त्याग और धैर्य की अनुपम मिसाल को रेखांकित किया। सुषमा गोयल ने मुंशी प्रेमचंद के कालजयी उपन्यास 'निर्मला' का भावपूर्ण वाचन करते हुए दहेज प्रथा और अनमेल विवाह की सामाजिक त्रासदी को मार्मिक रूप से प्रस्तुत किया। वीणा अग्रवाल ने यशपाल के 'झूठा सच' के जरिये विभाजन की पीड़ा, सांप्रदायिक तनाव और नारी के संघर्षमय जीवन का यथार्थ चित्रण किया। रेनू अहूजा ने अमृता प्रीतम की 'जंगली बूटी' से ग्रामीण स्त्री की मासूमियत और पितृसत्तात्मक समाज की कठोरता को संवेदनशीलता के साथ अभिव्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की निदेशक डॉ. नीलम प्रभा, डॉ. आरके जैन, डॉ. सुनीता श्योकंद, सुनीता मेहतानी, सुनीता जैन, नवीन मेहतानी, डॉ. इंदु गहलावत, शिवांशी आदि मौजूद थी।



### नशे के खिलाफ उतरे स्वयंसेवक

**आदमपुर।** राजकीय बहुतकनीकी आदमपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा गांव बगला में आयोजित विशेष साप्ताहिक शिविर के दौरान नशे के बढ़ते प्रचलन के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने गांव की गलियों में रैली निकालते हुए तथा विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों (लघु नाटिकाओं) के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मोगा देवी मिंडा स्कूल के प्राचार्य मैथ्यू वर्गिस, नंबरदार देवेंद्र कुमार, स्वामी बीआर चैतन्य महाराजजी, दीपक कुमार तथा एनएसएस अधिकारी डॉ. राकेश कुमार शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सामाजिक चेतना, सेवा भावना एवं जिम्मेदारी का विकास करना है। स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से नशे के कारण होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया।



### संदीप प्रधान व मोनिका बनी सचिव

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित हरियाणा पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के हांसी ब्लॉक प्रथम और हांसी के पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर्स की बैठक प्रदेश पदाधिकारी विक्रम और जिला सचिव कर्मबीर पनिहारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विक्रम ने भारतीय मजदूर संघ और हरियाणा पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की रीति नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन की ब्लॉक कार्यकारिणी का चुनाव किया गया जिसमें हांसी ब्लॉक प्रथम में संदीप मलिक ब्लॉक प्रधान, संदीप धमाना उपप्रधान, मोनिका सचिव, सोनिका कोषाध्यक्ष व अमित पानू को प्रेस प्रवक्ता चुना गया। वहीं हांसी द्वितीय ब्लॉक की कार्यकारिणी में मोहित प्रधान, रीना उप प्रधान, शशिकांत सचिव, सीमा कोषाध्यक्ष, नवीन खरबला को प्रेस प्रवक्ता चुना गया। इस अवसर पर बबीता, भावना, विकास, हरीश, नवीन, सुशील, मोहित, मीनाक्षी, पूनम, बिरजू, प्रदीप, विनोद आदि भी मौजूद रहे।

---





हिसार। आग लगने की घटना के बाद जमा भीड़।

## रेड स्क्वेयर मार्केट में दुकान में लगी आग, सामान राख

:**हिसार।** रेड स्क्वेयर मार्केट में गुरुवार की दोपहर को अचानक आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना के समय दुकान संचालक शीशे का गेट लॉक करके कहीं गया हुआ था। आग लगने पर पड़ोसी दुकानदारों ने इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग व पुलिस को दी गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान दुकान में रखा सामान इनवर्टर, बैटरियां और वाटर प्यूरीफायर इत्यादि जल गए। बताया जाता है कि शार्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। जानकारी के अनुसार रेड स्क्वेयर मार्केट में पुराने ओवरब्रिज के पास एएस इंटरप्राइजिज में दोपहर को अचानक आग लग गई। इस दौरान दुकान संचालक कहीं गया हुआ था। दुकान के अंदर धुआं निकलता देख पड़ोसी दुकानदारों ने डायल 112 और दमकल विभाग को सूचना दी गई। इस दौरान दुकानदारों ने दुकान के शीशे का गेट तोड़ दिया और अपनी-अपनी दुकानों से अग्निशमन यंत्र लेकर आग बुझाने में जुट गई। बाद में दमकल विभाग की एक गाड़ी पर वहां पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने दुकानदारों के मदद से आग पर काबू पा लिया। इस दौरान लाखों रुपये की कीमत की दुकान के अंदर बैटरियां, इंवर्टर, गैस गीजर, वाटर प्यूरीफायर सहित अन्य सामान रखा हुआ था।

## नहर में डूबतीं बेटियों को बचाने वाला पुलिसकर्मी सम्मानित

**हिसार।** नहर में डूब रहीं दो बेटियों को बचाने वाले गांव नियाना के बेटे एवं हरियाणा पुलिस के जवान सुनील आर्य को शिवालिक ईंट भट्ठे मालिक दिनेश यार्मा द्वारा 5100 रुपये की राशि देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान गांव के लोगों ने भी सुनील आर्य के साहस की सराहना की। सुनील आर्य ने इस राशि को अपने पास रखने के बजाय समाजहित में लगाने का फैसला लिया। इस मौके पर दिनेश शर्मा ने कहा कि सुनील आर्य की जितनी भी तारीफ की जाए कम है। जो राशि दी गई है, वह सिर्फ एक सम्मान है, क्योंकि किसी की जान की कोई कीमत नहीं होती।



पुलिस कर्मी सुनील आर्य को सम्मानित करते हुए।

### स्कूटी सवार रिटायर्ड कर्मी को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**हांसी।** हांसी-दिल्ली राजमार्ग पर वीरवार शाम रामपुरा गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार 65 वर्षीय बिजली निगम से रिटायर्ड कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार रामपुरा गांव निवासी करीब 65 वर्षीय सुभाष स्कूटी पर सवार होकर हांसी से गढ़ी गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुभाष स्कूटी सहित सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी और घायल सुभाष को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया। लेकिन परिजनों उन्हें एक निजी अस्पताल भर्ती करवाया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

### राजगुरु मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन ने मेयर व पार्षद का किया सम्मान



हिसार। नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली को सम्मानित करते राजगुरु मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य।

**हिसार।** राजगुरु मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के आग्रह पर आयोजित बैठक में मेयर प्रवीण पोपली व वार्ड तीन की पार्षद ज्योति सुनील वर्मा के एक वर्ष के कार्यकाल पर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान एसोसिएशन की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। मेयर पोपली ने अपने संबोधन में कहा कि देश के संसाधनों की बचत करना, हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि जैसे हम अपने घर के लिए बचत करते हैं, ठीक उसी प्रकार देश के लिए भी बचत करें। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि गैस सिलेंडर सामान्यतः 30 दिन चलता है तो उसे 45 दिन तक चलाने का प्रयास करें। कार्यक्रम में एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट रवि मेहता, महासचिव सुभाष आहूजा, वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्र बजाज, कैशियर दर्शन खुराना, सह सचिव प्रदीप सचदेवा, उपप्रधान सुशील गोयल, पूर्व प्रधान महेश चौधरी, जगदीश कटारिया, राजेंद्र गखड़, गुलशन कामरा, सुभाष काठपाल, जगदीश सेठी, कमल अरोड़ा, हरीश, नितिन बांगा, दीपक अग्रवाल, मोनू बजाज, विकास लाहौरिया, केशव अरोड़ा, संजीव राजपाल व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

---

### बाहरा ब्राह्मण खाप यूजीसी कानून के खिलाफ कल लेगी कड़ा निर्णय

**नारनौंद।** यूजीसी कानून को लेकर बाहरा ब्राह्मण खाप पंचायत करके कड़ा निर्णय लेगी। खाप के प्रधान कृष्ण शर्मा ने बताया कि यूजीसी कानून लगातार विरोध किया जा रहा है और जब तक इस कानून को वापस नहीं लिया जाता तब तक हमारा विरोध जारी रहेगा। इसी को लेकर 28 मार्च को गांव खेड़ी जालब की चौपाल में स्वर्ण समाज के लोग भारी संख्या में एकत्रित होकर कानून का विरोध करने की रूपरेखा तैयार करेंगे। पंचायत में कड़ा निर्णय लिया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

*नवनियुक्त एसपी ने अधिकारियों संग की अपराध की समीक्षा*

# जनसुनवाई और त्वरित कार्रवाई पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा गुरुवार को पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में पुलिस अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय प्रथम अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अपराधों की समीक्षा करना, पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाना तथा आमजन को बेहतर सेवाएं प्रदान करना रहा। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन की शिकायतों को गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ सुनें तथा उनके साथ मधुर व्यवहार सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि थाना स्तर पर आने वाली प्रत्येक शिकायत पर तुरंत पावती दी जाए और शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटारा किया जाए, ताकि जनता का विश्वास पुलिस के प्रति और मजबूत हो।



#### सभी नाकों पर प्रभावी नाकाबंदी के निर्देश

एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी नाकों पर प्रभावी नाकाबंदी करने के निर्देश दिए तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहनता से जांच और पूछताछ करने पर जोर दिया। इसके साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक थाना परिसर में सीसीटीवी कैमरों को चालू एवं कार्यशील अवस्था में रखने के निर्देश दिए, जिससे निगरानी प्रणाली को और सुदृढ़ किया जा सके। साथ ही, ईआरवी, राइडर एवं पीसीआर टीमों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार व प्रभावी गश्त करने के निर्देश दिए।

#### लंबित केसों को जल्द निपटाएं

उन्होंने लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए सख्त निर्देश दिए कि सभी लंबित केसों का जल्द निपटारा किया जाए। जांच कार्य में तेजी, पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने के भी निर्देश दिए। एसपी ने जवानों को साप्ताहिक रेस्ट देने की बात कही और कहा कि पुलिस कर्मियों का मनोबल व स्वास्थ्य बेहतर रखना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे अपनी ड्यूटी अधिक दक्षता के साथ निभा सकें।

## निरंतर सीखना और अनुशासन ही जीवन की वास्तविक पूंजी: गोयल





हिसार। बच्चों को सम्मानित करते स्कूल प्रधानाचार्य केएल गोस्वामी व अन्य।

- ओम इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक दीक्षांत समारोह

हिसार। ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, जुगलान में वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन से किया गया। समारोह का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य, लघु नाटिका और वाद्यवृंद की मधुर धुनों ने उपस्थित जनसमूह एवं विद्यालय को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल एवं प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने अपने विशेष संदेश के माध्यम से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। उन्होंने अपने संदेश में छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि निरंतर सीखना और अनुशासन ही जीवन की वास्तविक पूंजी है। स्कूल के प्रधानाचार्य केएल गोस्वामी ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधियां एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।